हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 जांच में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा, उच्च शिक्षा...



07 जिला बार एसोसिएशन परिसर में ऑनलाइन...



## खबर संक्षेप में

### जिले के कृषकों से फॉर्मर आईडी बनवाने अपील

**नलखेड़ा।** ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण की कार्यवाही जनवरी 2026 से प्रारंभ होने की संभावना है। इसके अंतर्गत सभी जिलों में उर्वरक पंजीयन के लिए फार्मर आईडी का उपयोग किया जाएगा। कलेक्टर प्रीति यादव ने तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं वे अपने-अपने क्षेत्र में समस्त कृषि भू-धारियों की फार्मर आईडी जनरेट करने का कार्य प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 22वीं किश्त का लाभ प्राप्त करने के लिए भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी। समय पर फार्मर आईडी जनरेट होने से किसानों को योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त हो सकेगा। जिले के कृषकों से अपील की है कि वे अपनी फार्मर आईडी शीघ्र बनवाएं, जिससे उर्वरक वितरण एवं योजनाओं के लाभ में किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही तहसीलदारों को भी फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का दौरा कल

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बुधनी स्थित सेंट्रल फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट पहुंचेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 3:30 बजे सलकनपुर पहुंचेंगे और पीएचई तथा पीडब्ल्यूडी विभागों के कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 5 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चित्रकला में साक्षी को पहला स्थान

**सीहोर।** मक्षेविविकं सीहोर द्वारा 14 से 21 दिसंबर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। बुधवार को महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें जिले के कई स्कूलों से आए 44 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भविष्य जैसे विषयों को अपनी चित्रों में दिखाया। निर्णायकों ने कला कौशल, विषय की समझ और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कक्षा 8वीं की साक्षी मालवीय ने पहला स्थान पाया।

### करबला पुल पर पानी बहने से हादसे का बना रहता है खतरा

**सीहोर।** शहर के करबला पुल पर इस समय भी पानी ऊपर से बह रहा है। इस कारण सड़क पर फिसलन हो रही है। यहां वाहन चालकों को गिरने का खतरा रहता है।

## शिक्षण संवाद कार्यक्रम में बच्चों को मिला पढ़ाई, अनुशासन और सुरक्षित भविष्य का प्रेरक मंत्र

# परीक्षा में सफलता का आत्मविश्वासी संदेश, एसडीएम व थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को दिया मार्गदर्शन

एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का सबसे मजबूत आधार नियमित और मन लगाकर की गई पढ़ाई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





शासकीय हाई स्कूल टीकमोड़ में आयोजित शिक्षण संवादः परीक्षा पर चर्चा एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम कक्षा 9,10 के 100 स्कूली बच्चों के लिए प्रेरणा और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम सुधीर कुशवाहा एवं विशेष अतिथि थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन और अनुशासित जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पुष्पमाला, साल व श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को उल्लासपूर्ण वातावरण प्रदान किया।

एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का सबसे मजबूत आधार नियमित और मन लगाकर की गई पढ़ाई है। उन्होंने प्रातःकाल अध्ययन को सबसे प्रभावी बताते हुए कहा कि सुबह का समय एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक पढ़ाई करने से विषयों की समझ बेहतर होती है और परीक्षा का तनाव स्वतः कम हो जाता है। उन्होंने छात्रों से आत्मविश्वास बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बच्चों को सुरक्षित और संतुलित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का सीमित और समझदारी से उपयोग करें, क्योंकि यह पढ़ाई से ध्यान भटका सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क रहने, सही संगत चुनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की भी सलाह दी, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 105 छात्र-छात्राओं को सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वेटर वितरित किए गए।

स्वेटर वितरण अतिथियों के हाथों किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और प्रसन्नता देखी गई। अतिथियों ने शिक्षकों के इस सहयोगात्मक प्रयास की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शाला के विद्यार्थी प्रतिवर्ष उत्कृष्ट परिणामों के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय, तहसील एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता और शिक्षक-विद्यार्थी के बीच पारिवारिक संबंधों का वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच दीपक मीणा सहित ग्राम के वरिष्ठजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल परीक्षा मार्गदर्शन बल्कि उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक प्रेरणा का सशक्त माध्यम बना।

### मिड घाट के पास सड़क हादसे में दो युवक गंभीर हुए

**सीहोर।** क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 8:30 बजे मिस घाट के पास एक सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राम (उम्र 26 वर्ष), निवासी डोडाडोंगरी रूपेश (उम्र 28 वर्ष) शामिल हैं। हादसे के बाद से दोनों घायलों को तत्काल बुधनी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को होशंगाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों में से एक युवक के पैर की हालत बेहद खराब बताई जा रही है।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कराया योगाभ्यास



**नलखेड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए भैया-बहनों का योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ विभिन्न योगासन प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि योग अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ मानसिक रूप से सशक्त एवं आत्मिक रूप से संतुलित बनाना है। नियमित योग से एकाग्रता स्मरण शक्ति एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को योग को अपनी दिनचर्या में अपनाने एवं स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने का संदेश दिया गया।

## नेत्र जांच शिविर में 150 मरीजों की जांच 57 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन

### सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर से आए चिकित्सकों ने जांच की





**नलखेड़ा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गुदरावन में नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन शुक्रवार को पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में हुआ। जिसमें 150 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमें से 57 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को बस द्वारा आनंदपुर ले जाया गया जहां निशुल्क ऑपरेशन कर गुदरावन छोड़ा जाएगा।

शुक्रवार को आयोजित नेत्र जांच शिविर में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर से आए चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। उक्त जानकारी देते हुए जयनारायण चौधरी ने बताया कि ग्राम गुदरावन में




यह 17 वां नेत्र जांच शिविर था, जो स्वर्गीय कंचनबाई नरसिंहलाल पाटीदार की स्मृति में आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि 18 वां नेत्र शिविर 16 जनवरी को आयोजित होगा। नेत्र रोगी इस शिविर का अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लाभ उठाएं।

## रासायनिक व औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

# 'आपदा की स्थिति में आपसी समन्वय आवश्यक'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





मध्यप्रदेश आपदा प्रतिक्रिया क्षमता संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में रासायनिक एवं औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव एवं सुरक्षा तकनीकों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर गठित आपदा प्रतिक्रिया दल के 40 सदस्यों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें आपदा की स्थिति में कार्य करने वाले 19 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक (पुरुष एवं महिला), राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र-छात्राएं तथा नेहरू महाविद्यालय की छात्राएं सम्मिलित हुईं। यह प्रशिक्षण 18 दिसम्बर को पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के सभागृह में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रीति यादव के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट रहे। इस अवसर पर जिला कमाडेंट विक्रम सिंह ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किए। उद्बोधन में उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्य, आपदा प्रबंधन अधिनियम, आपदा प्रतिक्रिया दल की भूमिका एवं आपदा के समय उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के समय नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की आवश्यकता एवं उनके सामाजिक योगदान पर भी प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट ने कहा कि आपदा की स्थिति में सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक होता है, जिसके लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने अग्नि दुर्घटना, बोरवेल, रासायनिक एवं औद्योगिक दुर्घटनाओं से संबंधित अपने अनुभव साझा किए तथा बताया कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय त्रुटि अथवा प्राकृतिक कारणों से घटित होती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को हेलमेट की उपयोगिता, सुरक्षा उपायों एवं शासकीय सेवा के दौरान आने वाली चुनौतियों से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण सत्रों में संकट मोचन बल, सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, मुंबई से आए विषय विशेषज्ञों एसडी फणसलकर (पूर्व नौसेना अधिकारी), मोहम्मद इमरान अहमद (पूर्व नौसेना अधिकारी), इच्छान्सु बाजपेई, विनय तथा देवीदास पाटील द्वारा रासायनिक एवं औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव की तकनीकों को व्यावहारिक अभ्यास एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया गया। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा गठित जिला आपदा प्रतिक्रिया दल की भूमिका, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तथा आपदा के समय समन्वय स्थापित कर जन-धन हानि को न्यूनतम करने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मदनी बने गुना जिला युवा कांग्रेस प्रभारी



**भौंरासा।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस संगठन द्वारा प्रदेश महासचिव इरफान मदनी को गुना जिला युवा कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन ने यह जिम्मेदारी उन्हें उनके सक्रिय संगठनात्मक अनुभव, युवाओं के बीच मजबूत पकड़ एवं निरंतर जनसेवा को देखते हुए सौंपी है। नियुक्ति पर इरफान मदनी ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक जयवर्धन सिंह, मप्र युवा कांग्रेस प्रभारी शिवी सिंह चौहान व अध्यक्ष यश घनघोरिया एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे गुना जिले में युवाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक जयवर्धन सिंह, नगजीराम यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अफजल मंसूरी, अनवर पठान, सज्जाद अली, सलमान पठान, फजल उस्ताद, ताहिर गोल्डन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### चौधरी बने संयोजक



**चापडा।** वरिष्ठ एडवोकेट प्रवीण चौधरी को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलबिहारी वाजपेई के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय कार्यक्रमो में होने वाले आयोजनों के लिए जिला टोली का मुख्य संयोजक बनाया गया। चौधरी के संयोजक बनाएं जाने पर एडवोकेट महेंद्र पाटीदार,गोलू राठौर, सचिन पाटीदार,ऋषि वर्मा, रवि पाटीदार, प्रवीण यादव ने हर्ष व्यक्त किया।

### आज से शुरू होगी श्रीमद देवी भागवत कथा

**देवास।** शहर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने हेतु श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन 20 से 26 दिसंबर तक होने जा रहा है। आयोजक सरोज बजरंग बैरवा (पूर्व पार्षद) ने बताया कि कथा सरदाना स्कूल के आगे, श्रीनाथ गार्डन के पास, मल्हार रोड, देवास में होगा। कथा का शुभारंभ 20 दिसंबर को प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिदिन कथा वाचन होगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर पुण्यलाभ अर्जित करेंगे। कथा का वाचन कथावाचक शुभम कृष्ण दुबे द्वारा होगा। कथा के समापन 27 दिसंबर को महाप्रसादी का आयोजन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कार्यक्रम संरक्षक के रूप में गायत्रीराजे पवार (विधायक) एवं रायसिंह सेंधव (जिलाध्यक्ष भाजपा) का मार्गदर्शन प्राप्त रहेगा।

---

### सतवास में नियमों के विरुद्ध एक ही भवन में स्कूल व कॉलेज हो रहे संचालित

# जांच में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा उच्च शिक्षा विभाग की कार्रवाई का इंतज़ार

### महाविद्यालय श्री दादाजी शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था के नाम से है पंजीकृत




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सतवास स्थित दादाजी महाविद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है।

तहसीलदार सतवास अरविंद दिवाकर द्वारा विगत 2 दिसंबर को राजस्व दल के साथ किए गए निरीक्षण में कॉलेज प्रशासन की कई गंभीर खामियाँ उजागर हुई हैं। मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार महाविद्यालय का संचालन शिक्षा नियमों के विपरीत, असुरक्षित परिस्थितियों में और आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों के बिना किया जा रहा है, की गई जांच में कई अनियमितताएं, विसंगतियां पाई गई है, अब स्थानीय प्रशासन को कार्रवाई के लिए उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों का इंतजार है।

#### जांच में मिली कमियां

सतवास तहसीलदार अरविंद दिवाकर द्वारा की गई जांच में एक ही बिल्डींग में स्कूल एवं कॉलेज का संचालन किया जाना पाया गया था, जबकि नियमानुसार स्कूल कॉलेज की बिल्डींग पृथक-पृथक होना चाहिए। साथ ही महाविद्यालय में तीन संकाय कॉमर्स, आर्ट्स एवं साईंस का अध्यापन कराए जाने अंतर्गत साइंस संकाय में बायो टेक्टनोलॉजी, बॉटनी, केमेस्ट्री, माइक्रो बायोलाजी, सीड टेक्नोलॉजी, जूलॉजी के विषयों के अध्यापन कराएं जाने का उल्लेख किया गया है लेकिन उक्त विषयों के व्याख्याता का कालेज में अभाव है। उक्त विषयों की लैब में आवश्यक उपकरणों ही नहीं है। कम्प्यूटर लैब में मात्र 13 कम्प्यूटर है, जो की जांच में बंद पाए गए है, जबकि महाविद्यालय के लिए न्यूनतम 30 कम्प्यूटर सिस्टम की उपलब्धता आवश्यक है। ऐसे में विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है।

#### स्टाफ, समिति में एक ही परिवार के लोग

शैक्षणिक स्टॉफ में एक ही परिवार के 4 लोगों अवनी व्यास, ज्योति व्यास, कंचन व्यास तथा दीपिल व्यास को दर्शाया गया है। जिसमें से दीपिल व्यास संस्था के डायरेक्टर एवं कंचन व्यास को महाविद्यालय का सचिव बताया गया है। इसी तरह कॉलेज के समिति भी बनाई गई है, जो नियम विरुद्ध है।

#### 407 विद्यार्थी छात्रवृत्ति योग्य

महाविद्यालय में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अंतर्गत अ.जा. के 40 अजजा के 42, पिछड़ा वर्ग 190, गांव की बेटी योजना में 135 विद्यार्थियों का उल्लेख किया गया है। ऐसे छात्रों की जांच की जाए कि इनका प्रवेश इस कॉलेज के साथ-साथ अन्य कॉलेज में है या नहीं तथा प्रत्येक विद्यार्थी के कथन लिए जाए कि उनको मिलने वाली छात्रवृत्ति का उपयोग विद्यार्थीयों द्वारा किया जाता है या संस्था द्वारा किया जाता है। इस प्रकार 407 विद्यार्थी एससी, एसटी ओबीसी और महिला होना पाया गया, जांच के दौरान इनमें से मौके पर मात्र 3-4 विद्यार्थी पाए गए है।

#### उच्च अधिकारियों से जांच और ऑडिट कराए

अपने जांच पत्र में तहसीलदार अरविंद दिवाकर ने उल्लेख किया है कि महाविद्यालय श्री दादाजी शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था के नाम से पंजीकृत है। इस संस्था का वरिष्ठ लेखा अधिकारियों से ऑडिट कराया जाए तथा ऑडिट एवं खातों की जांच कराई जाए सूत्रों की माने तो पिछड़ा विभाग से संबंधित जवाबदार पिछले दिनों कॉलेज पहुंचे थे, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग से अभी तक कोई जवाबदार कॉलेज नहीं पहुंचा है। छात्र कॉलेज आते नहीं है कागजों पर उनकी अटेंडेंस चल रही है। चारसौ से ज्यादा विद्यार्थियों का स्कॉलरशिप मिल रही है। स्टूडेंट आ नहीं रहे है सब कागजों पर चल रहा हैं। मामला तभी स्पष्ट हो पाएगा जब भोपाल से उच्च अधिकारी आएंगे तभी जांच हो पाएगी। जांच में स्पष्ट हो पाएगा कि कॉलेज के फंड के सोर्स क्या है। कॉलेज चल कैसे रहा हैं।

#### जांच में है कई विसंगतियां

मामले में बागली विधायक मुरली भंवरा का कहना है कि कॉलेज संचालन हेतु संबद्धता ली जाती है, संबद्धता लेने के बाद रजिस्टर्ड समिति बनती है समिति के भी मापदंड रहते हैं कॉलेज की भूमि अलग रहना चाहिए उसमें किसी भी प्रकार की कोई अन्य गतिविधि नहीं होना चाहिए लेकिन कॉलेज में तहसीदलार, एसडीएम प्रत्यक्ष रूप से गए थे और उन्होंने निरीक्षण किया है उनकी जांच में कॉलेज की कई विसंगतियां बताई गई है। जांच करवाई जाएगी जांच के लिए उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र भी लिखा है भोपाल के अधिकारियों के माध्यम से जांच करवाई जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की गई है कि जो भी मापदंड कॉलेज में होना चाहिए वो नहीं है तो उसकी विधिवत जांच होना चाहिए। बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### जांच में मिली थी कई कमियां

उच्च शिक्षा विभाग इसकी जांच करे। मैने अपनी जांच में कई कमियां पाई थी, जिन्हें जांच पत्र के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

**अरविंद दिवाकर**, तहसीदलार

---

# गली मोहल्लों में बच्चे उड़ा रहे चाइनीज डोर से पतंग

### आखिर कहां से आ रही है, चाइनीज डोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर के कई गली मोहल्लो में बच्चे चाइनीज डोर से पतंग उड़ा रहे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश में उल्लेखित चाइना डोर की बिक्री तथा स्टोरेंज पर पाबंदी का पालन नहीं हो पा रहा है। परिणाम स्वरुप चाइना डोर किसी इंसान या फिर पशु पक्षी के लिए किसी भी समय घातक साबित हो सकती है। दुकानदारों द्वारा गुपचुप तरीके से चाइना डोर की बिक्री की जा रही है। संक्रांति के त्यौहार को लेकर इस समय नगर में डोर बेचने वाले दुकानदार पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चाइना डोर की बिक्री ब्लैक में की जा रही है क्योंकि चाइना डोर पर कांच व तीखा धातु लगा होता है जिसके चलते वह डोर आसानी से नहीं टूटती है ऐसे में पतंगबाजी करते बच्चों का पतंग ना कटे इसलिए बच्चे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं जबकि युवा भी पतंगबाजी में चाइना डोर को ही प्राथमिकता देते हैं।नगर में बीते नवंबर माह से ही दुकानदारों ने चाइना डोर की स्टोरेज करनी शुरू कर दी थी। वही चाइना डोर से पतंग उड़ाने के शौकीन लोगों ने दुकानदारों को पहले ही पैसे देकर डोर के बंडल बुक करवा रखे है, जिसके चलते अब तक नगर में चाइना डोर की बिक्री हो चुकी है और अब संक्रांति त्योहार पास आता देख दुकानदारों द्वारा चाइना डोर ब्लैक में बेचना भी शुरू कर दिया गया है।

# 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो सीसी सड़कों का किया भूमि पूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

ग्राम रतनपुर में 10-10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो सीसी सड़कों का भूमि पूजन शुक्रवार को किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न होने पर ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की थी, जो अब पूरी होने जा रही है।भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात विधायक मुरली भंवरा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान वन क्षतिपूर्ति से प्रभावित एवं वर्षों से निवासरत ग्रामीणों ने अपनी जमीन अधिग्रहण से संबंधित नोटिसों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा और समस्या के समाधान की मांग की। वहीं रतनपुर ग्राम की महिलाओं ने नल-जल योजना का मुद्दा उठाते हुए अधूरे कार्य एवं पानी की आपूर्ति नहीं होने की शिकायत विधायक के समक्ष रखी।इसके अलावा कार्यक्रम में हाल ही में सेवानिवृत्त हुए डिप्टी रेंजर शेर सिंह नरवरिया का वन विभाग के स्टाफ, विधायक, ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।भूमि पूजन कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ग्राम सरपंच हरिहर मोगरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम पंचायत द्वारा किया गया।

---

# इनोवेटिव पब्लिक स्कूल ब्लू स्टार वाटर अवार्ड से हुआ सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भू जल स्तर को बढ़ाने और जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ जिला प्रशासन देवास और अमृत संचय अभियान की टीम दृढ़ संकल्पित हैं। इसी उद्देश्य को लेकर जल संचय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रतिष्ठित ब्लू स्टार वाटर अवार्ड की शुरुआत की गई। इस अवॉर्ड के शुरुआत में जिले की 12 संस्थानों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने के लिए जिला प्रशासन और अमृत संचय अभियान टीम द्वारा ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह-2025 का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में भूजल संवर्धन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर इनोवेटिव पब्लिक हा. से. स्कूल देवास को प्रतिष्ठित ब्लू स्टार वाटर अवार्ड प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, महापौर गीता अग्रवाल, यूनाइटेड किंगडम से लेखक एवं पर्यावरणविद प्रो.मार्क एंड्रयू, वाटर विजडम के निदेशक ओ.पी. शर्मा, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य सय्यद मक़सूद अली ने बताया की इस अवार्ड का मुख्य उद्देश्य जन आंदोलन के माध्यम से अमृत संचय अभियान को बढ़ावा देने के साथ ही पानी का संचयन करना हैं। इस अमृत संचयन अभियान के तहत इनोवेटिव पब्लिक स्कूल देवास ने लगभग 35 लाख लीटर पानी बचा कर जमीन में पहुंचाया है। इस अवसर पर अमृत संचय अभियान के प्रमुख डॉ सुनील चतुर्वेदी,डॉ समीरा नईम, गंगा सिंह सोलंकी, मनीष वैद्य, सफिया कुरैशी, श्रीकांत उपाध्याय उपस्थित थे।

### एक सहकारी संस्था को परिसमापन में लाया गया

**देवास।** जिले में चर्मकार सहकारी संस्था मर्यादित रेवाबाग को परिसमापन में लाया गया है। मध्य प्रदेश सहकारी सोसायटी नियम के अंतर्गत उक्त सहकारी संस्थाओं के विरूद्ध दावों को 60 दिवस के अंदर मय प्रमाण के यदि कोई हो तो लिखित रूप से कार्यालय सहायक पंजीयक(अंकेक्षण) सहकारी संस्थाए देवास में दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

# थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने लूडो खेलने अवैध वसूली करने वाले दो बदमाश को गिरफ्तार कर भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

फरियादी अनिकेत रोखले उम्र 24 वर्ष निवासी प्रेमनगर ने 15 दिसंबर को थाना औद्योगिक में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह सनसिटी-2 के पास खाली मैदान में खड़ा था तब आरोपी आकाश खटीक और सोनू खटीक ने दादागिरी दिखाते हुए उससे जुआ/लूडो खेलने के लिए रुपयों की मांग की । फरियादी द्वारा मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी सोनू ने लठ (डंडे) से फरियादी के सिर पर जोरदार प्रहार किया जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 1102/2025 धारा 119(1),115(2),296(a) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई ।

टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों को मात्र 48 घंटों के भीतर देवास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों सोनू उर्फ लाला पिता दिनेश कटारिया उम्र 21 वर्ष निवासी बावडिया और आकाश पिता दिनेश कटारिया उम्र 25 वर्ष निवासी सज्जनसिंह कॉलोनी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त घातक लठ (डंडा) को जप्त कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजने की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में प्रआर विनोद कुमार,आर अजय जाट एवं सै.ज्ञानेन्द्र द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही।

---

### एक महीने से भी ज्यादा भर्ती रख डॉ. निगम और उनकी टीम ने की कड़ी मेहनत

# सीवियर बर्थ एस्फीक्सिया से ग्रसित नवजात माधव की बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अस्पताल में नंदिनी निवासी क्षिप्रा ने 13 नवंबर को बच्चे को जन्म दिया। नंदिनी की नार्मल डिलीवरी हुई लेकिन नंदिनी का केस फुल-टर्म प्रेग्नेंसी का था, जिसमें ड्यू डेट निकल जाने के बाद डिलेवरी हुई। नंदिनी का यह पहला बच्चा,था जो नॉर्मल डिलीवरी से जन्मा था। जन्म के समय बच्चे की हालत गंभीर थी और वह एस्फिक्सिया से पीड़ित था। इस स्थिति में नवजात को जन्म के समय श्वासारोध की समस्या होती है, जिससे शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। नंदिनी का बच्चा भी इसी गंभीर समस्या से जूझ रहा था। वह सामान्य रूप से सांस नहीं ले पा रहा था, जिसके कारण उसके शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पा रही थी। बच्चे का दम घुट रहा था और इसी कारण उसे दौरे भी पड़ने लगे थे। यदि समय रहते अनुभवी पीडियाट्रिक टीम द्वारा उपचार न मिले, तो ऐसी स्थिति में बच्चा शॉक में जा सकता है और कोमा तक की नौबत आ सकती है। जिला अस्पताल की एसएनसीयू एनआईसीयू टीम ने डॉ. वैशाली निगम के नेतृत्व में बच्चे को बाहरी ऑक्सीजन देकर सपोर्ट सिस्टम पर रखा, लेकिन इसके बावजूद बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

#### जन्म के समय नहीं रोया नवजात

गर्भावस्था के दौरान भी माधव का वजन कम था तथा IUGR (Intrauterine Growth Restriction) का स्पष्ट कंपोनेंट मौजूद था, जिससे यह संकेत मिलता है कि गर्भ में ही शिशु की वृद्धि बाधित हो चुकी थी। जन्म के तुरंत बाद शिशु रोया भी नहीं, उसे सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया था। डॉ. निगम की टीम ने तत्काल ऑक्सीजन सपोर्ट शुरू किया गया। बर्थ एस्फिक्सिया के कारण शिशु को झटके आने लगे, जिससे उसकी स्थिति ओर गंभीर हो गई।

#### गहन स्वास्थ्य परीक्षण में रखा

शिशु को पहले CPAP पर शिफ्ट किया गया। 10–12 घंटे के बावजूद सुधार न होने पर वेंटिलेटर सपोर्ट देना पड़ा। शिशु लगभग 6 दिन वेंटिलेटर पर रहा। इस दौरान शिशु को कई गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का सामना करना पड़ा। शिशु को बार-बार झटके आने के साथ आंतों से ब्लीडिंग भी शुरू हो गई। शिशु शॉक में भी चला गया। डॉक्टर निगम और उनकी टीम ने कड़ी मेहनत करके शिशु को सपोर्टिंग केयर देना शुरू की जिसके अंतर्गत एंटीबायोटिक मेडिसिंस और बल्ड चढ़ाया गया। जिसके बाद शिशु की हालत में धीरे-धीरे सुधार होता दिखाई दिया। लगभग 6 दिन बाद शिशु को वेंटिलेटर से हटाकर 4 दिन CPAP और 3–4 दिन ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। इस दौरान भर्ती के 10वें दिन, जब शिशु CPAP पर था, तब फीडिंग ट्रायल शुरू किया गया। शिशु ने फीड लेना शुरू किया और स्थिति में हल्का सुधार हुआ,जिसके बाद उसे एमएनसीयू में शिफ्ट किया गया।

#### दोबारा बिगड़ी स्थिति

MNCU में शिफ्ट होने के बाद शिशु की स्थिति फिर बिगड़ी, जिससे उसे पुनः SNCU में शिफ्ट करना पड़ा। यहाँ दोबारा ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया और मेडिकेशन अपग्रेड किया गया। कुल 35 दिन तक शिशु NICU में भर्ती रहा। इस दौरान 2–3 बार शिशु डिस्चार्ज-योग्य स्थिति के करीब भी पहुँचा लेकिन हर बार स्थिति बिगड़ी देख परिजन और चिकित्सकीय टीम दोनों के लिए यह मानसिक और भावनात्मक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण समय रहा। जब उम्मीदें कम होने लगी थीं, तब माँ को बुलाकर कंगारू मदर केयर शुरू कराई गई। इससे शिशु की स्थिति में धीरे-धीरे सकारात्मक बदलाव देखने को मिला।

#### कड़ी मेहनत के बाद मिली सफलता

अंततः शिशु ने संघर्ष किया और स्थिति में सुधार हुआ। हालाँकि यह एक क्रोनिक और गंभीर कोर्स रहा, इसलिएः कम से कम 1 वर्ष तक फॉलो-अप, ब्रेन स्कैन, रेटिना स्कैन और न्यूरो-डेवलपमेंटल मॉनिटरिंग आवश्यक रहेगी।यदि ड्यू डेट के आसपास नियमित जाँच और समय पर हस्तक्षेप किया जाए, तो ऐसी गंभीर जटिलताओं से काफी हद तक बचा जा सकता है।

#### हौसला बनाए रखा

शिशु के परिजनों ने उसका नाम माधव रखा है परिजनों ने डॉक्टर वैशाली निगम और उनकी टीम का बहुत बहुत धन्यवाद दिया है और बताया कि इतने लंबे समय माधव के भर्ती रहने के कारण हम निराश हो गए थे लेकिन डॉक्टर साहब और उनकी टीम ने हमारा हौसला बनाए रखा। शुक्रवार को हमने माधव का चेकअप भी करवाया अभी वह स्वस्थ हैं।

# विद्युत मंडल की लापरवाही नयापुरा में टला बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इन दिनों लगातार विद्युत मंडल की लापरवाही सामने आ रही है, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं या आम जनता परेशान है लेकिन कोई भी इस और ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है। शिकायतों के बाद भी कोई ध्यान नहीं देता है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। एक बार फिर ग्राम नयापुरा में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रामवासियों ने बताया कि लगातार विद्युत मंडल के लोगों को ट्रांसफार्मर में आ रही समस्या को लेकर अवगत कराया जा रहा था, लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण गुरुवार देर रात को ट्रांसफार्मर में अचानक से आग लग गई, गनीमत यह रही कि इस दौरान आसपास कोई नहीं था। वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था। ग्राम नयापुरा के युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज कंठाली ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर के आसपास बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। ट्रांसफार्मर काफी दिनों से खराब था,जिसको लेकर समय से पहले ही विद्युत मंडल के कर्मचारियों को अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। गुरुवार देर रात अचानक से ट्रांसफर में स्पार्क हुआ और आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया गनीमत यह रही कि आग की चपेट में कोई नहीं आया, वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था। आग की बड़ी-बड़ी लपटे उड़ते दिखाई दे रही थी।

**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने 22 क्वार्टर रसभरी के साथ दबोचा

**ललितपुर**। थाना बार में तैनात उप निरीक्षक सिपाही लाल ने बताया कि वह अपने साथ उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के साथ बार से दशरारा रोड पर गश्त कर रहा था। तभी नहर की ओर से मोटर साइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति आये, जिन्हें रोकते हुये पूछताछ की तो उक्त लोग पीठ पर लदी बोरी को फेंकते हुये भागने लगे। लेकिन घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी गंगाराम पुत्र मोतीलाल बताया। पुलिस ने उसके पास से बोरी में 22 क्वार्टर देसी पैड रसभरी को बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गये युवक ने बताया कि वह देसी शराब की दुकान से 55 रुपये का क्वाटर लाकर 65 रुपये में बेचकर रुपये कमाता है।

### आंख में गुलेल मारकर घायल करने पर केस दर्ज

**ललितपुर**। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना में रहने वाले जाहिद पुत्र मुनब्बर शाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 10 बजे वह मजदूरी करने ईमामी कब्रिस्तान जा रहा था। तभी रास्ते में कैलगुवां रोड पर टपरियन के पास रहने वाला कबूतरा समाज के दीपेश व पुना मिले, जिनमें से दीपेश ने उसकी सीधे आंख में गुलेल से पत्थर मार दिया, जिससे उसकी आंख में गम्भीर चोट आयी है। आंख में चोट आने के कारण उसे दिखाई देना बंद हो गया है। जब उसने गुलेल मारने का विरोध किया तो पूना ने गालियां देते हुये उसे लात-घूसों से मारापीटा, जिससे उसे चोटें आयीं और उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पति को जान से मारा अब पत्नी को धमका रहे

**ललितपुर**। मोहल्ला विष्णुपुरा रामनगर निवासी आशा पत्नी स्व. अशोक बरार ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये आरोप लगाया कि उसके पति को जान से मार डालने के बाद अब उसे प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। महिला के अनुसार उसके पति को पूर्व में हरीशंकर व कुटू उर्फ राहुल पुत्रगण स्व.रतीराम, मिथला पत्नी स्व.रतीराम, विनोद पुत्र प्रेम बरार, लकी पुत्र मनोज ने एकराय होकर विगत 26 अप्रैल 2025 को जान से मार दिया था। इस प्रकरण में उक्त लोग एक माह पहले जेल में निरूद्ध चल रहे थे। अब पांचों लोग जमानत पर बाहर आ गये हैं। महिला ने बताया कि 15 दिसम्बर को अपराह्न 3.30 बजे उक्त लोगों ने बाहर के दो व्यक्तियों के साथ उसके घर आये और गालियां देते हुये अंदर घुसने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसके छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिन्हें जान का खतरा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्री को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। थाना बानपुर अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 16 दिसम्बर को सुबह करीब 4 बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कचहरी परिसर से चोरी हुई बाइक

**ललितपुर**। थाना मड़ावरा के ग्राम रखवारा में रहने वाले कुंवर सिंह पुत्र माखन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 13 दिसम्बर को अपराह्न 12 बजे वह कचहरी परिसर में अपने पिता माखन सिंह के नाम दर्ज एच.एफ. डीलक्स गाड़ी नं. यू.पी.94 आर 7503 से आया और अपनी बाइक को कचहरी परिसर के अंदर खड़ा कर दिया। कुछ समय बाद वह काम समाप्त कर गाड़ी के पास आया तो मौके से उसकी गाड़ी गायब थी। उसने गाड़ी को आसपास काफी खोजबीन किया, लेकिन वह नहीं मिली।

# बछरई गांव में युवक की हत्या की, टायर व पत्थर सिर पर रखे मिले

## दोस्तों पर पार्टी के बाद हत्या का शक, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम बछरई के एक घर में युवक का शव पतले कम्बल से ढका हुआ मिला। मृतक के सिर पर गाडिय़ों के टायर रखे पाये गये। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। संदिग्धावस्था में युवक के कमरे में मिले शव के बाद अब पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। इधर घटना में हत्या का मामला प्रतीत हो रहा था, वहीं पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गुरूवार देर रात दोस्तों के साथ हुयी पार्टी के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान दीपक प्रजापति पुत्र मुन्नालाल 26 वर्ष के रूप में हुई है, जो बछरई गांव का निवासी था। गुरुवार शाम उसे गांव के एक दोस्त के साथ घर की ओर जाते देखा गया था। शुक्रवार सुबह जब दीपक के माता-पिता मुन्ना लाल और उनकी पत्नी दिल्ली से मजदूरी कर घर लौटे, तो उन्हें दीपक घर पर नहीं मिला। गांव वालों से पूछताछ के बाद वे अपने घर पहुंचे, जहां दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिला। दीपक का शरीर चादर से ढका था और उसके चेहरे पर एक गाड़ी का टायर, एक बड़ा पत्थर और लकड़ी रखी हुई थी। बेटे का शव देखकर माता-पिता सदमे में आ गए। पिता ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नाराहट थानाध्यक्ष पारुल चंदेल और क्षेत्राधिकारी (सीओ) मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि दीपक अपने माता-पिता के साथ दिल्ली में मजदूरी करता था और दस दिन पहले ही गांव आया था। जिस दोस्त पर हत्या का शक है, वह गांव में अकेला रहता है। उसके माता-पिता का निधन हो चुका है और बहनें शादी के बाद अपने ससुराल में रहती हैं। प्रारंभिक आशंका है कि पार्टी के दौरान दोस्त ने गला दबाकर दीपक की हत्या की है।

## अधिवक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत

# जिला बार एसोसिएशन परिसर में ऑनलाइन स्पीड पोस्ट काउंटर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और न्यायिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा। बार एसोसिएशन परिसर में भारतीय डाक विभाग की ऑनलाइन स्पीड पोस्ट सेवा का भव्य शुभारंभ किया गया।**



ललितपुर जिला बार एसोशियेशन परिसर में डाक विभाग की इस नई पहल का नेतृत्व पोस्ट मास्टर रणजीत वर्मा ने किया। उनके कुशल दिशा-निर्देशन में इस काउंटर को स्थापित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं और वादकारियों को उनके कानूनी पत्राचार के लिए त्वरित और सुलभ साधन उपलब्ध कराना है। यह विशेष काउंटर नियमित रूप से निम्नलिखित समय पर उपलब्ध रहेगा, प्रारंभ सुबह 10 बजे, समाप्ति सायंकाल 4.30 बजे तक रहेगी। अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को मिलेगा सीधा लाभ।

### कार्यों में स्पीड पोस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती

इस अवसर पर पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन झब्बू ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि कोर्ट कचहरी के कार्यों में स्पीड पोस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अक्सर नोटिस, सम्मन और आवश्यक दस्तावेज़ भेजने के लिए अधिवक्ताओं को मुख्य डाकघर की दौड़ लगानी पड़ती थी। इस सुविधा के मुख्य लाभ, समय की बचत होगी,परिसर के भीतर सेवा होने से अधिवक्ताओं और न्यायिक कर्मचारियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। त्वरित न्याय प्रक्रिया, अदालती दस्तावेजों का समय पर प्रेषण सुनिश्चित हो सकेगा। सुविधाजनक ट्रैकिंग, ऑनलाइन सेवा होने के कारण पत्रों की स्थिति को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। इस शुरुआत के दौरान विधि जगत से जुड़े कई वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने डाक विभाग के इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य मौजूद थे। इस दौरान गोविंद नारायण सक्सेना, प्रतीश तिवारी, हरीश अग्रवाल, दर्शन बड़ौनिया, सुरेंद्र लोधी, रोहित कुशवाहा, आकाश झा, ओमप्रकाश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, प्रताप यादव एवं अन्य गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे। जिला बार एसोसिएशन में इस काउंटर के खुलने से न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि डाक विभाग और न्यायिक प्रणाली के बीच समन्वय भी बेहतर होगा।

## कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया

# भाजपा की नीतियों का विरोध, सरकार कर रही ईडी का दुरुपयोग: जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला व नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस के निर्देश अनुसार जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव किया किया, जिस सभी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित हुए तथा भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार के विरोध में भारी नारेबाजी की तथा भाजपा की नीतियों का विरोध किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुर्भावना से ग्रस्त होकर यंग इण्डिया को लेकर ई.डी. की कारईवाई की गई, जिसका मामला न्यायलय में चल रहा था। न्यायलय ने अपना फैसला देते हुए सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी ने दुर्भावना से ग्रसित होकर दायर आरोप पत्र अवैध पाया है। अदालत कहा कि ई.डी. की कार्रवाई उसके क्षेत्र अधिकार के बाहर व अवैध है। यह मामला मनी लानड्रिग का भी नहीं है, सम्पति का भी कोई हस्तारण नहीं हुआ। यह सभी आरोप निराधार व राजनीति की दुर्भावना से प्रेरित है। न्यायालय के आदेश से केन्द्र सरकार व भाजपा के मंसूबे सारे देश के सामने वे-नकाब हो गए है। कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व सत्य व भारतवासियों के अधिकारों को लडऩे के लिए प्रतिबद्ध है। हमें कोई डरा नहीं सकता क्योंकि हम सत्य के लिए लड़ते है। मोदी सरकार की बदनियत और गैर कानूनी तरीके की न्यायलय ने पोल खोल रख दी है। घेराव के दौरान नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, नेहा तिवारी, शशिकांत दीक्षित, रामभरोसे कुशवाहा, रामसिंह यादव, मुकेश रजक, मोहन कुशवाहा, राहुल सेन, पप्पू तिवारी, प्रेमशंकर गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, रामकुमार अहिरवार, बॉबी राजा, मु.इमरान, मु.असलम आदि उपस्थित थे।

## साप्ताहिक परेड में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# एसपी ने परेड की सलामी ली, ड्रेस कोड व तालमेल की गुणवत्ता का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एसपी मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में निर्माणाधीन साइबर क्राइम थाना का निरीक्षण कर, सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैन्टीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। एसपी ने डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।

एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी मो.मुश्ताक ने मेस के निरीक्षण में मीनू के अनुसार साफ एवं स्वच्छ तरीके से तैयार किये गये। भोजन की गुणवत्ता जांचकर, मेस मैनेजर कां.रंजीत कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्साहवर्धन हेतु 500 रुपये की नगद धनराशि के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### अक्टूबर में दुर्घटना में हुई महिला की मौत एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैराडांग में रहने वाले रहीश यादव पुत्र स्व.लखनलाल ने तालबेहट कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि बीती 19 अक्टूबर 2025 को वह अपनी पत्नी अभिलाषा व 7 माह के पुत्र रिषभ को लेकर मोटर साइकिल से मुहारा गांव से अपनी बहन के गांव अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.एच. 2496 से जा रहा था। वह रात करीब 8 बजे जैसे ही असऊपुरा से ललितपुर की ओर मंदिर के पास पहुंचा तो वह लघुशंका करने के लिए सड़क से करीब 15-20 फुट की दूरी पर गाड़ी खड़ी कर दी। आरोप है कि झांसी की ओर से आ रही गाड़ी संख्या यू.पी. 80 ए.जेड. 5183 ने तेजी व लापरवाही से उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी अभिलाषा व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। वह दोनों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचा, जहां कुछ उपचार के के बाद उसकी पत्नी को झांसी रेफर कर दिया गया।

# बंगरिया में बन रहे फोर लाइन से रास्ता दिलाने की मांग की

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर**। विकास खण्ड बिरधा अंतर्गत ग्राम बंगरिया में एनएचएआई द्वारा बनाये जा रहे फोर लेन में ग्रामीणों को आवागमन के लिए रास्ता व कट दिये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लामबंद होकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि बंगरिया गांव के पास एन.एच.ए.आई. द्वारा फोर लेन का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस लाइन में न तो रास्ता दिया जा रहा है और न ही कट निकाला जा रहा है, जिससे ग्रामीणों ने काफी दूरी से निकल कर आना-जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि लोगों को बैंक, बच्चों को स्कूल घनी बस्ती में हैं। बताया कि जब इस सम्बन्ध में एनएसएआई के सम्बन्धित ठेकेदारों से बात की तो वह आश्वासन तो दे रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर रास्ता दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय भूपेन्द्र सिंह, लालचंद्र, धर्मदास, सतेन्द्र, जगदीश प्रसाद, जगरोपन, कल्यान, सुग्रीव, शिवचरन, भागीरथ, नीलेश, सुमित, कमलेश, लम्पू, धर्मेंद्र, राहुल प्रताप सिंह, हरीसिंह, संतोष, भजनलाल, पुनू, शैलेन्द्र सिंह, पवन, विक्रम सिंह, रामस्वरूप, केहर सिंह, हुकुम सिंह, बाबू, राजेश, भरत, जसरथ, दया के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

## समिति की कार्यशाला हुई

# जनजागरूकता, नदी संरक्षण व स्वच्छता पर जानकारी दी




**ललितपुर**। जिला गंगा समिति के अंतर्गत गंगा ग्राम सेवा समिति की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग कार्यालय में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर नदी संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। इस दौरान परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे द्वारा गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त ग्राम की अवधारणा तथा वृक्षारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला गंगा समिति सदस्य रुचिका बुंदेला ने बताया कि गंगा ग्राम समितियों की सक्रिय भूमिका से ही नदी पुनर्जीवन एवं स्वच्छता अभियान को गति मिल सकती है। जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ब्रजेश तिवारी द्वारा सदस्यों से अपील की गई कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक करें। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने गंगा एवं अन्य नदियों को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने का संकल्प लिया तथा ग्राम स्तर पर नियमित गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया।

### रिश्तेदारी में आए युवक की स्कॉर्पियो की टक्कर से मौत

**ललितपुर**। मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना ईसागढ़ के ग्राम भियाखेड़ी में रहने वाले सीताराम कलावत पुत्र हरदास ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र रविन्द्र कलावत व अभिषेक पुत्र मुकेश ग्राम कालापहाड़ रिश्तेदारी में आये हुये थे। 1 दिसम्बर की शाम करीब 4 बजे दोनों अपने घर अपनी मोटर साइकिल नम्बर एम.पी.67 एम.एच. 7078 से अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी राजघाट रोड पर सामने से आ रही स्कॉर्पियो नं. एम.पी. 09 सी.आर. 9973 ने उसके पुत्र की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र रविन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके छोटे भाई धर्मेंद्र को जब इसकी जानकारी हुयी तो धर्मेंद्र ने मौके पर पहुंच कर दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया व अभिषेक को गंभीर हालत के कारण गुना रेफर कर दिया।

## कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला हुई

# छात्र-छात्राओं को कॅरियर मार्गदर्शन दिया व स्किल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज नाराहट में जिला सेवायोजन विभाग की ओर से लक्ष्य निर्धारण व समय प्रबंधन से सफलता विषय पर कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ जिला सेवायोजन अधिकारी नरेन्द्र व गगन चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य काउंसलर गगन चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया व स्किल डवलपमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के छात्र छात्राओं को कई कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। जिनका प्रशिक्षण प्राप्त कर आप लोग सरकारी सेवाओं में जा सकते हैं साथ ही स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं।

उन्होंने हाई स्कूल व इंटर के बाद होने वाले व्यवसायिक पाठ्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। प्रबंधक उमाकांत मिश्रण में छात्र-छात्राओं से अपना लक्ष्य निर्धारण कर उसे पर पूरी लगन से मेहनत करने हेतु प्रेत किया उन्होंने कहा कि यदि आप पूरे समर्पण महुची अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं और समय का सदुपयोग करते हैं तो जीवन में कभी असफल नहीं हो। प्रभारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न निशुल्क रोजगार परक प्रशिक्षण संचालित किए जा रहे हैं, जिनका लाभ आप सभी इंटर पास व 18 बर्ष की आयु पूर्ण कर, कर सकते हैं। इस दौरान उमेश कुमार, प्रधानाचार्य राजीव पुरोहित, ऋषि पांडे, संजीव कुशवाहा, दयाराम राठौर, रूपेश गौतम, अरविंद रैकवार, सोनू राज, मनोहर विश्वकर्मा, लक्ष्मी कुशवाहा, शिवानी बुंदेला, इंदु तिवारी, कामना, सृष्टि, रघुवर दयाल आदि मौजूद रहे।

## आगजनी की घटनाओं में निरुपयोगी साबित होंगे ये यंत्र

# ट्रामा सेंटर में लटके हैं एक्सपायरी डेट के अग्निशमन यंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में लापरवाहियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी यहां भर्ती प्रसूताओं को बेवजह सीरियस बताकर रेफर कर दिया जाता है तो कभी नसबंदी के लिए आई महिलाओं को तमाम तरह की परेशानियों से जूझने के मामले हालिया सामने आए हैं। ताजा मामले में ट्रामा सेंटर प्रबंधन से जुड़ी एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, आगजनी जैसी संभावित घटनाओं पर काबू पाने ट्रामा सेंटर में लगे हुए अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट करीब सवा माह पहले समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने अभी तक इन अग्निशमन यंत्रों की रिफिलिंग करवाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है।

### सवा महीने पहले निकल चुकी है डेट

ट्रामा सेंटर में लगे हुए कई अग्निशमन यंत्रों को पिछली बार 14 नवंबर 2024 को रिफिल करवाया गया था जिन्हें एक साल की अवधि उपरान्त 13 नवंबर 2025 को पुनः रिफिल करवाया जाना चाहिए था, जो कि अब तक नहीं करवाए गए हैं। ऐसे इन अग्निशमन यंत्रों के अंदर भरी हुई कार्बन डायऑक्साइड गैस अपनी मियाद पूरी कर चुकी है जो आग बुझाने में मददगार साबित नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक अग्निशमन यंत्र को उसकी तय अवधि में पुनः रिफिल करवाना अत्यावश्यक होता है भलेंही वे इस्तेमाल किए गए हों या न किए गए हों।




### इनका कहना है...

आपने बताया है तो मै आज ही चेक करवा लेता हूं। अगर फायर एक्सिंग्यूसरों की रिफिलिंग अवधि निकल चुकी है तो कंपनी वालों को बुलवाकर उन्हें जल्द ही रिफिल करवा लिया जाएगा।

डॉ. देवाशीश मसकोले, प्रबंधक, जिला अस्पताल, राजगढ़

## नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष जाट का किया स्वागत



**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादिया के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर राजकुमार जाट आगर को नियुक्त किया गया है जाट को ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस बनाएं जाने पर बुधवार को रात्रि 8 बजे निवास पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला एव पगड़ी पहननाकर स्वागत किया कार्यकर्ताओं में ढोल बजाकर जश्न भी मनाया वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन जाट,राधेश्याम सोनी, भगवान सिंह गोस्वामी ,हनुमंत सिंह गुर्जर, सुरेश सुमन, विष्णु गुप्ता , चंदन गोस्वामी ,अनिल पुष्पद लखनवास ,हेमराज भिलाला, बृजमोहन वर्मा ,सोनू जाट ,राहुल जाट,गोविंद गुजर, विजय सिंह लववंशी सरपंच ,साहित बड़ी संख्या में आस-पास क्षेत्र के गांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत सम्मान किया।

## कार्य गुणवत्ता से कराने के निर्देश

# पंवार ने सुठालिया में विकास कार्यों का निरीक्षण किया



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शासकीय महाविद्यालय सुठालिया पहुंचकर परिसर में जारी विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय में निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल सहित अन्य चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री पंवार ने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक बेहतर शैक्षणिक वातावरण का लाभ ले सकें। उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित इंजीनियरों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने महाविद्यालय परिसर के विस्तार, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और सुविधाओं के मजबूत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के समय मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी, जनपद सीईओ आर के मंडल, एसडीओ स्वाति डोंगरे, नगर परिषद सीएमओ रईस खान सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम को लेकर मंत्री पंवार ने की समीक्षा बैठक**

# केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री आज ब्यावरा में

## वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं सशक्तीकरण पर होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के ब्यावरा (राजगढ़) आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ तेज हो गई हैं। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल, ब्यावरा में 20 दिसंबर, शनिवार को प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, सहभागिता तथा वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री पंवार ने कहा कि यह आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

### शपथ ग्रहण समारोह

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनकी देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। यह शपथ सामाजिक उत्तरदायित्व और पीढ़ियों के बीच संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने का संदेश देगी।

### वॉकाथॉन

स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रतीकात्मक वॉकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्थानीय कलाकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता से सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी, जिनके माध्यम से समाज में वरिष्ठजनों के योगदान, अनुभव और प्रतिभा का सम्मानपूर्वक उत्सव मनाया जाएगा।

### प्रतीकात्मक राष्ट्रीय वयोश्री योजना कैंप

राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत योग्य लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें प्रतीकात्मक रूप से सहायक उपकरण एवं सहायता प्रदान की जाएगी। यह सेगमेंट योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की मंशा वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित और सशक्त जीवन प्रदान करने की है, और यह आयोजन उसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास होगा।

## नवनिर्वाचित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत



**जीरापुर।** नवनिर्वाचित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष माचलपुर एवं जीरापुर का स्थानीय विश्राम गृह में साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया।जहां पर नवनिर्वाचित ब्लांक अध्यक्ष जीरापुर सत्यनारायण सरावत एवं माचलपुर ब्लांक अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर पोलखेड़ा का स्वागत किया गया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी ने हमें दी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे , पार्टी की गतिविधियों एवं जन हितैषी काम के लिए हमेशा आगे होकर अपनी सहभागिता निभायेंगे। जिला अध्यक्ष पुर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने हमें जो दायित्व दिया उस पर कार्य करेंगे। स्वागत में जिला पंचायत सदस्य यशवंतसिंह गुर्जर लिम्बोदा , राजेश शर्मा पटवारी , फुलसिंह गुर्जर पूर्व मण्ड़ी अध्यक्ष माचलपुर, शाहरुख खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली बिल जमा नहीं करने पर विद्युत विभाग की कार्रवाई, गांव की लाइट काटी

**सारंगपुर।** बुधवार को सारंगपुर वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम सैदाबग, चैड़लिया,फूलपुरा, कांकरिया मीणा आदि ग्रामों में विद्युत विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। विभागीय अमले ने बकाया विद्युत बिलों के चलते ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बंद कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ग्रामों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं किए जा रहे थे। इसके चलते विभाग को 100 प्रतिशत बकाया राशि वसूली नहीं हो पा रही थी। विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में उपभोक्ताओं को नोटिस व समझाइश भी दी गई थी, साथ ही एक माह के भीतर बकाया राशि जमा कराने की सूचना भी ग्राम में मुनादी कराकर दी गई थी। इसके बावजूद ग्रामीणों द्वारा समय-सीमा तक बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए ट्रांसफार्मर से लाइन काटने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि शासन की समाधान योजना के अंतर्गत बिल में छूट का लाभ लेने



की जानकारी भी दी गई थी, लेकिन उसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक बकाया राशि जमा नहीं होगी, तब तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जाएगी। कार्रवाई के बाद गांव में अंधेरा छा गया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कार्यवाही के दौरान एई विद्या सागर सिंह,जेई उमेश मिश्रा,शैलेंद्र त्रिपाठी सहित व्यक्ति विद्युत अमला मौजूद रहा ।

# किसानों को यूरिया खाद का व्यवस्थित वितरण किया



**जीरापुर।** किसान खाद की समस्याओं से जूझ रहे थे आयें दिन यूरिया खाद का अभाव महसूस कर रहे ,किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था प्रशासन द्वारा कर खाद वितरण करवाया जा रहा है। खाद वितरण व्यवस्था में सुधार कर पहले किसानों को टोकन जारी कर फिर खाद दिया जा रहा है। ताकि किसान परेशान नहीं हो। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश एवं उपायुक्त राजगढ़ पीएस बारोठिया ने किसानों की सुविधा हेतु विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग सोसायटी एवं खाद गोदाम से व्यवस्थित खाद वितरण व्यवस्था करवाई। जिससे के तहत किसानों को पहले टोकन वितरित किए, तत्पश्चात व्यवस्थित लाइन लगाकर किसानों को एक टोकन पर चार बेग यूरिया खाद दी गई। मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक बीरमसिंह चैहान ने बताया कि यूरिया खाद जिसकी आवश्यकता किसानों को है वह वितरण जारी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिलचीपुर-जीरापुर अंकिता जैन तथा तहसीलदार आरपी सिंह गोंड द्वारा खाद वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखते हुए वितरण के दौरान आकस्मिक निरीक्षण एवं अवलोकन किया जा रहा है।

# संकुल की होली एंजेल्स स्कूल की जूनियर गर्ल्स टीम की बड़ी जीत



**कुरावर।** नरसिंहगढ़ में 15 दिसंबर को आयोजित सांसद कप कबड्डी टूर्नामेंट में कुरावर संकुल की होली एंजेल्स स्कूल की जूनियर गर्ल्स टीम ने शानदार और दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में टीम की खिलाड़ियों मानसी हाड़ा, खुशनुमा खान, तनु राय, निहारिका डांगी, आरती कर्नोदिया, कनक साहू और पलक पवार ने जबरदस्त खेल भावना, अनुशासन और बेहतरीन टीमवर्क का परिचय दिया। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम रहा कि टीम ने यह बड़ी जीत अपने नाम की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अब होली एंजेल्स स्कूल की यह विजेता टीम राजगढ़ जिले में होने वाले अगले मुकाबले के लिए पूरे जोश, आत्मविश्वास और जीत के इरादे के साथ तैयारी कर रही है।

# इंदरसिंह लववंशी बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**ब्यावरा ।** एक साधारण कार्यकरता को असाधारण बनाने का काम सिर्फ भाजपा पार्टी ही कर सकती है इष्ट मित्रो में हर्ष व्याप्त है और रात्रि से ही बधाई देने वालो का ताता लग गया है । इन्दरसिंह लववंशी एक गांव से आते हैं ये समाज के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री किसान मोर्चा और वर्तमान में विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य के पद पर जानता की सेवा कर रहे हैं ।पार्टी ने जो मुझे भाजपा जिला उपाध्यक्ष का पद प्रदान किया है यह मेरा परम सौभाग्य है।जिला उपाध्यक्ष का पद एक बड़ा दायित्व है।मैं भाजपा केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेल वाल जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर राजगढ़ जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्र के विधायक एमपी सरकार के मंत्री नारायणसिंह पंवार गौतम टेंटवाल जी विधायक मोहन शर्मा हजारीलाल दांगी अमरसिंह यादव जी कार्यकारिणी तथा संगठन को हृदय से बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं ।में पार्टी की रीति नीति और सिन्धांतों का पूर्ण निष्ठा से पालन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करूंगा।अपने से वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद मिलता रहे ।

### नगर अध्यक्ष बने साहू

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी ने जिले के ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट जारी की है। जिसमें नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर रवि साहू की नियुक्ति हुई।

## कालीपीठ में लोगों को किया जागरुक, बनाई मानव श्रृंखला

# कुप्रथाओं को मिटाने अनवरत जारी है जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बाल-सगाई, बाल-विवाह, नातरा-झगड़ा जैसी कुप्रथाओं को समूल समाप्त करने 100 दिवसीय अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। इसके लिए ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहां बाल-विवाह की संख्या ज्यादा दर्ज की गई है। इसी कड़ी में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालीपीठ में आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चैहान ने बाल-विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बाल-विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत हानिकारक भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू हो सके जिसके अनुसार लड़कियों के लिए विवाह की कानूनी उम्र 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 181 या कन्ट्रोल रूम के नंबर 07372-254360 पर दी जा सकती है।




कार्यक्रम में बाल-विवाह नातरा झगड़ा विषय पर बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। कुप्रथाओं को लेकर बालक-बालिकाओं से भी संवाद करते हुए कहा गया कि आप समाज की धुरी है। आप से ही आज और कल है। आप स्वस्थ होंगी तभी समाज भी स्वस्थ होगा।

### अलग-अलग वक्ताओं ने व्यक्त किए अपने विचार

कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर प्रेमलता गुप्ता ने बताया कि यदि कहीं बाल विवाह होने की आशंका हो तो उसकी सूचना किस प्रकार और किन माध्यमों से दी जा सकती है। स्कूल प्राचार्य हेमलता कुशवाह द्वारा बताया की हमें जिले से आए अधिकारियो से सीख लेना चाहिए और सामाजिक कुप्रथा से लड़ना चाहिए। अंत में स्कुल प्राचार्य द्वारा बाल-विवाह मुक्त कालीपीठ के लिए उपस्थितों को शपथ दिलवाई गई।

# राज्यमंत्री टेटवाल ने मप्र खो-खो टीम को अयोध्या के लिए किया रवाना



**सारंगपुर।** शालेय राष्ट्रीय स्तरीय खो-खो 17 वर्ष आयु वर्ग बालकद-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 20 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से 24 खिलाड़ी सहभागिता करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए चयनित खिलाड़ियों ने 13 से 18 दिसंबर तक सारंगपुर में आयोजित नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेकर गहन अभ्यास किया। कैंप पूर्ण होने के पश्चात चयनित खिलाड़यिों एवं कोच का मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत कर उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना।

# जरूरतमंद को कंबल किए वितरित निरंतर किया जा रहा सेवा कार्य

## गो शरण मंडल 10 वर्षों से कर रहा जन कल्याण के कार्य



**ब्यावरा।** नर सेवा ही नारायण सेवा को सार्थक कर रहे, वर्तमान में कम्बल वितरण अभियान चला रखा है जो कि समाज के जरुरतमंदो तक गर्म वस्त्र वितरित कर रहे। नगर की सामाजिक धार्मिक पंजीकृत संस्था गो शरण भक्त मंडल कथाप्रवक्ता पंडित सतीश नागर के सानिध्य में पिछले 10 वर्षों से सेवा कार्य किया जा रहा है। समय समय पर समाज के बीच जाकर नशामुक्ति अभियान, पौधरोपण अभियान, गो सेवा, राष्ट्रसेवा जैसे कार्यो में समर्पित है। गर्म वस्त्र वितरण अभियान के अवसर पर संत रोहित नागर, प्रदीप शर्मा, रामगोपाल मीना, आचार्य द्वारकाप्रसाद, भाजपा उपाध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी राजेन्द्र पराशर, ब्रजेश त्रवेदी, मोहन गुर्जर, सुरेश यादव, पीडी, रामेश्वर दांगी, ब्रजमोहन शर्मा, मुकेश कुशवाहा, कमल गोड़, मनीष मीना, संजय मीना, मुकेश बेंजो आदि उपस्थित रहे।

### हजारों पौधे बन चुके पेड़

गो शरण भक्त मंडल द्वारा पिछले कई सालों से सामाजिक धार्मिक और सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे हैं जो अब पेड़ की शक्ल ले चुके हैं। इतना ही नहीं गो शरण भक्त मंडल द्वारा गोवंश का संरक्षण एवं नशा मुक्ति अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है।

## सुबह 9 बजे धूप निकलने तक छाया रहता है घना कोहरा

# रोजाना लुढ़क रहा जिले का न्यूनतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दिसबंर का मध्यान्तर शुरू होते ही जिले के न्यूनतम तापमान में रोजाना गिरावट नजर आ रही है। बीते दस दिनों की बात करें तो 5 डिग्री के आसपास घूम रहा न्यूनतम तापमान अब लुढ़कते हुए 4.6 डिग्री तक आ चुका है। मौसम के जानकारों के अनुसार आगामी दिनों में और अधिक भीषण ठंड का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। हालांकि, इस बार की ठंड तरह-तरह से करवट ले रही है। सुबह 9 बजे धूप निकलने तक जहां घना कोहरा छाया रहता है वहीं पूरे दिन निकल रही धूप के चलते लोग राहत की सांस ले पा रहे हैं। हालांकि, शाम होने के बाद से ही न्यूनतम तापमान में पुनः गिरावट शुरू दर्ज की जा रही है।

### अलाव जलवाने में गो सेवक आगे पर नपा भूली

रात्रि के समय गोवंश को भीषण ठंड का सामना न करना पड़े इसके लिए गोसेवकों द्वारा नगर सहयोग से विभिन्न स्थानों पर अलावा जलवाने की व्यवस्था प्रतिदिन करवाई जा रही है। हालांकि, नगर पालिका द्वारा ठंड में नगर के सार्वजनिक स्थलों पर जलवाए जाने वाले अलाव इस बार अभी तक शुरू नहीं करवाए गए हैं।



### बीते 7 दिन में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री, सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 18 दिसंबर | 4.6 |
| 17 दिसंबर | 4.4 |
| 16 दिसंबर | 5.0 |
| 15 दिसंबर | 5.4 |
| 14 दिसंबर | 5.6 |
| 13 दिसंबर | 5.6 |
| 12 दिसंबर | 5.2 |